सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 07.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना ।

आज दिनांक 07.06.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया । जनसुनवाई के दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 02 भूमि विवाद , 07 मारपीट व 07 अन्य से संबंधित थे । प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया ।

<u>प्रेस-नोट दिनांक 07-06-2024 जनपद सिद्धार्थनगर</u>

◆ थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा 02 नफर वारंटी को किया गया गिरफ्तार।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा चलाये जा रहे अभियान "वांछित अभियुक्त/वारंटी व जिला बदर अभियुक्तों" के गिरफ्तारी के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, सुजीत राय क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में, गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 07.06.2024 को वाद संख्या 2577/2019, धारा 323,504 से सम्बन्धित वारण्टीगण 01. बेचन पुत्र जीते 02. संतोष पुत्र राम बेलास निवासीगण कपिया बुकनिया ग्राण्ट टोला अहिरनडीह थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर अन्य विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार वारंटी का विवरण-

01.बेचन पुत्र जीते निवासी कपिया बुकनिया ग्राण्ट टोला अहिरनडीह थाना व जनपद-सिद्धार्थनगर।

02.संतोष पुत्र राम बेलास निवासी कपिया बुकनिया ग्राण्ट टोला अहिरनडीह थाना व जनपद-सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01.उ0नि0 राजाराम यादव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आ0 राजन सिंह थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आ0 सियाराम आर्य थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

<u>प्रेस नोट दिनांक 07.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर</u>

◆आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 07-06-2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत शांति व्यवस्था हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।